## एक नजर में




### मवेशियों के सींगों, पेड़ों पर लगाए रेडियम

**उज्जैन।** सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने और यातायात अनुशासन को बढ़ावा देने के उद्देश्य से लायंस क्लब उज्जैन गोल्ड द्वारा शहर में विशेष अभियान चलाया जा रहा है। लायंस इंटरनेशनल डिस्ट्रिक्ट 3233-जी2 के तहत यह अभियान क्लब के संजय सक्सेना के मार्गदर्शन और रवि बंसल के नेतृत्व में निरंतर जारी है। इस पहल के तहत क्लब सदस्यों द्वारा शहर में विभिन्न स्थानों पर पेड़ों पर रेडियम प्लेट लगाई जा रही हैं, जिससे रात के समय मार्गों की स्पष्ट पहचान हो सके। साथ ही सड़कों पर विचरण करने वाले मवेशियों, विशेष रूप से गायों के सींगों पर रेडियम लगाया जा रहा है। इससे रात के अंधेरे में वाहन चालकों को दूर से ही उनकी मौजूदगी का आभास हो सकेगा और दुर्घटनाओं को टाला जा सकेगा। मवेशियों व पेड़ों के अलावा ई-रिक्शा और ट्रैक्टर जैसे वाहनों के पीछे भी रेडियम पट्टियां लगाई जा रही हैं। जिससे रात के समय इन वाहनों की दृश्यता बढ़े। इस जनहितैषी अभियान में संजीव जैन, अजय जसोरिया, मुकेश आनंदकर और गौतम साहा सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे और सभी ने अपनी सक्रिय भागीदारी निभाई।



### चैतन्य बाल हनुमान मंदिर में लगा 56 भोग

**उज्जैन।** शहर में हनुमान जन्मोत्सव उल्लास और भक्तिभाव के साथ मनाया गया। गली नंबर 5 स्थित शास्त्री नगर उद्यान प्रांगण में श्री राम चैतन्य बाल हनुमान जनकल्याण समिति द्वारा जन्मोत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम के संयोजक अर्जुन सिंह राठौर ने बताया कि जन्मोत्सव के पावन अवसर पर भगवान को 56 भोग अर्पित किए गए। इसके पश्चात शाम 7 बजे महाआरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी शामिल हुए। संचालन जगदीश लोधी ने किया। मीडिया प्रभारी यश राठौर ने बताया कि महाआरती में नीलगंगा जूना अखाड़े के महामंडलेश्वर शैलेषानंद गिरि, शैलेंद्र सिंह झाला, उमेश चौधरी, गीता ग्रुप के नवीन यादव, पार्षद कैलाश प्रजापत, दिनेश श्रीवास्तव, अंश ठाकुर और पूरब चौहान सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित थे।

### पूजा चित्तौड़ा पुन: महिला प्रमुख बनीं

**उज्जैन।** देशभर में 1609 शाखाओं के माध्यम से सेवा कार्यों के लिए प्रसिद्ध राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आनुषंगिक संगठन भारत विकास परिषद मध्य भारत के प्रांतीय अध्यक्ष घनश्याम पोरवाल ने नई प्रांतीय कार्यकारिणी की घोषणा की है। शामगढ़ निवासी प्रांतीय महासचिव विनोद काला के अनुसार, संगठन में कई वर्षों की सक्रिय भागीदारी को देखते हुए उज्जैन महानगर से पराग काबरा को प्रांतीय उपाध्यक्ष और पूजा देवेंद्र चित्तौड़ा को पुन: प्रांतीय महिला प्रमुख नियुक्त किया गया है। इन पदाधिकारियों को यह दायित्व प्रांतीय संरक्षक सुनील सिंहल नीमच, सुनील लवंगिकर उज्जैन, प्रदीप चोपड़ा नीमच, रवींद्र सोनी सहित अन्य वरिष्ठ नेतृत्व की अनुशंसा पर सौंपा गया है। उज्जैन महानगर के पदाधिकारियों को प्रांतीय स्तर पर नई जिम्मेदारी मिलने पर डॉ. संदीप चोपड़ा, संजय अग्रवाल, चिराग शाह, प्रकाश चित्तौड़ा, ईश्वर सिसोदिया, डॉ. एसके जेथलिया, प्रमोद जैन, भूषण खुल्लर, राजेश पंड्या, अनिल वैष्णव, अजीत मंगलम, ईश्वर पटेल और ओम प्रकाश गुप्ता ने हर्ष व्यक्त करते हुए शुभकामनाएं दी हैं।

### आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज ने हनुमान जयंती मनाई




**उज्जैन।** आद्य गौड़ ब्राह्मण समाज के सभी सदस्यों की गरिमामयी उपस्थिति एवं सहयोग से हनुमान जन्मोत्सव का पावन कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस अवसर पर हनुमान जयंती के उपलक्ष्य में हनुमान जी का अद्भुत श्रृंगार किया गया। जिसने सभी श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। मातृ शक्ति प्रकोष्ठ द्वारा प्रस्तुत भक्तिमय भजनों एवं युवा प्रकोष्ठ द्वारा सामूहिक हनुमान चालीसा पाठ से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय एवं ऊर्जावान हो उठा। तत्पश्चात आरती की गई एवं प्रसादी का वितरण किया गया। आप सभी के प्रति हार्दिक आभार एवं धन्यवाद। साथ ही जो सदस्य किसी कारणवश इस आयोजन में सम्मिलित नहीं हो पाए, उनसे विनम्र अनुरोध है कि वे आगामी किसी भी सामाजिक एवं धार्मिक आयोजन में अपनी उपस्थिति दर्ज कराकर पुण्य लाभ प्राप्त करें।

### 23 को भगवान चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव

**उज्जैन।** धर्मराज चित्रगुप्त के नाम से हम जिन्हें पूजते हैं, वह ब्रह्मांड में जीवन यापन करने वाले समस्त जीवों के कर्मों का हिसाब किताब रखते हैं। वैशाख शुक्ल गंगा सप्तमी 23 अप्रैल को भगवान श्री चित्रगुप्त का प्राकट्य उत्सव नगर में धूम धाम से मनाया जाएगा। भगवान अपने भक्तों को दर्शन देने रथ में विराजित होकर नगर के मार्गों से निकलते हुए मोक्ष दायिनी मां क्षिप्रा तट श्री चित्रगुप्त घाट पर पहुंचेंगे। जिसकी समस्त व्यवस्थाओं को लेकर आज एक महत्वपूर्ण बैठक रखी गई है। कायस्थ समाज अध्यक्ष दिनेश श्रीवास्तव ने बताया कि भगवान श्री चित्रगुप्त जी का प्राकट्य दिवस 23 अप्रैल को आ रहा है। समाज की ओर से प्राकट्य उत्सव मनाया जाता है। जिसकी तैयारी को लेकर बैठक रविवार को प्रात: 11 बजे सांदीपनि कॉलेज बैंक आफ इंडिया के पीछे दशहरा मैदान पर रखी गई है।

# सड़क चौड़ीकरण से बेघर नहीं होंगे लोग, निगम बनाएगा नई कॉलोनी



**उज्जैन।** शहर में विकास की रफ्तार के साथ कई घरों की दीवारें और छत भी गिर रही हैं। सिंहस्थ महापर्व की तैयारियों के लिए जब सड़कें चौड़ी हो रही हैं, तब कई परिवारों के सिर से छत जाने का दर्द भी सामने आ रहा है। ऐसे समय में नगर निगम ने संवेदनशील पहल करते हुए यह भरोसा दिया है कि विकास की इस राह में कोई परिवार बेघर नहीं होगा। जिन लोगों के मकान पूरी तरह चौड़ीकरण में जा रहे हैं, उन्हें पंवासा क्षेत्र में विकसित की जा रही नई ईडब्ल्यूएस कॉलोनी में भूखंड देकर बसाने की योजना तैयार की गई है, ताकि विकास के साथ इंसानियत भी कायम रह सके।

सिंहस्थ महापर्व 2028 की तैयारियों के तहत शहर में तेजी से चल रहे मार्ग चौड़ीकरण कार्य के कारण जिन परिवारों के मकान पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं। उनके लिए राहत भरी खबर सामने आई है। नगर निगम ने ऐसे परिवारों को बेघर न होने देने का निर्णय लिया है। इसके तहत पंवासा क्षेत्र में निगम की भूमि पर ईडब्ल्यूएस कॉलोनी विकसित कर प्रभावित परिवारों को भूखंड आवंटित किए जाएंगे। शनिवार को महापौर मुकेश टटवाल ने निगम अधिकारियों के साथ पंवासा स्थित प्रस्तावित कॉलोनी स्थल का निरीक्षण किया और वहां चल रहे सड़क निर्माण कार्य का जायजा लिया। इस दौरान अधिकारियों ने कॉलोनी के विकास से जुड़ी योजनाओं की जानकारी भी दी। कॉलोनी को आधुनिक और सुविधायुक्त बनाने के लिए यहां सभी मूलभूत व्यवस्थाएं विकसित की जाएंगी। इसमें पक्की सड़कें, नाली, पाथवे, पेयजल सप्लाई, पानी की टंकी, विद्युत प्रकाश व्यवस्था, बाउंड्री वॉल और उद्यान जैसी सुविधाएं शामिल रहेंगी। नगर निगम का प्रयास है कि प्रभावित परिवारों को केवल भूखंड ही नहीं बल्कि एक सुव्यवस्थित और सुरक्षित आवासीय वातावरण भी उपलब्ध कराया जाए।

महापौर मुकेश टटवाल ने निरीक्षण के दौरान कहा कि नगर निगम द्वारा पहली बार इस प्रकार की सुव्यवस्थित कॉलोनी विकसित की जा रही है, जहां सभी बुनियादी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। मार्ग चौड़ीकरण के कारण जिन परिवारों के मकान पूरी तरह प्रभावित हो रहे हैं, उन्हें बेघर नहीं होने दिया जाएगा।

#### नगर निगम ने समझी पीड़ा- 9 करोड़ से बनेगी कॉलोनी

शहर के प्रमुख मार्गों और आंतरिक सड़कों का चौड़ीकरण किया जा रहा है, ताकि देश-विदेश से आने वाले लाखों श्रद्धालुओं को सुगम यातायात और बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इस प्रक्रिया में कई ऐसे परिवार हैं जिनके मकान पूरी तरह चौड़ीकरण की जद में आ रहे हैं। नगर निगम ने इन परिवारों की चिंता को समझते हुए उन्हें नई बसाहट देने की योजना तैयार की है। पंवासा क्षेत्र में लगभग 9 करोड़ रुपये की लागत से एक सुव्यवस्थित ईडब्ल्यूएस कॉलोनी विकसित की जा रही है। यह कॉलोनी करीब 6 हेक्टेयर क्षेत्र में फैली होगी, जहां लगभग 384 भूखंड आवंटित किए जा सकेंगे। प्रत्येक भूखंड का आकार 13 बाय 30 यानी लगभग 390 वर्गफुट निर्धारित किया गया है।

#### मानवीय दृष्टिकोण अपनाया

विशेषज्ञों का मानना है कि सिंहस्थ जैसे विशाल धार्मिक आयोजन की तैयारियों में जहां शहर के बुनियादी ढांचे का विस्तार जरूरी है। क्योंकि करोड़ों श्रद्धालुओं का आगमन होगा और उन्हें किसी प्रकार की परेशानी नहीं इसको लेकर चौड़ीकरण किया जा रहा है। वहीं प्रभावित नागरिकों के पुनर्वास की ऐसी योजनाएं प्रशासन की संवेदनशीलता को भी दर्शाती हैं। यदि यह योजना प्रभावी रूप से लागू होती है तो यह न केवल प्रभावित परिवारों के लिए नई शुरुआत साबित होगी, बल्कि भविष्य में विकास कार्यों के दौरान मानवीय दृष्टिकोण का एक सकारात्मक उदाहरण भी बनेगी।

## 4.60 लाख के आभूषण चोरी करने वाला बदमाश पुलिस रिमांड पर

**उज्जैन।** आभूषण दुकान से 2 किलो चांदी के जेवरात चुराकर भागे बदमाश को पुलिस ने 60 घंटे में गिरफ्तार कर लिया।

नागदा थाना प्रभारी अमृतलाल गवरी ने बताया कि 29 मार्च को गुर्जर मोहल्ले में आभूषण की दुकान संचालित करने वाले प्रकाशचन्द्र पिता रामनिवास सोनी, निवासी नागदा ने शिकायत दर्ज कराई की उसकी दुकान से शाम 7.30 बजे के लगभग अज्ञात बदमाश 2 किलो चांदी के जेवरात (कीमत 4.60 लाख) लेकर भाग गया है। प्रकरण दर्ज कर सीसीटीवी कैमरो के फुटेज देखे गए जिसके आधार पर आभूषण लेकर भाग बदमाश सुरेश पिता कैलाश राठौड़, निवासी ग्राम दातोद, थाना सिमरोल जिला इंदौर का रहने वाला है पूर्व में वह महू में भी ऐसी ही वारदात को अंजाम दे चुका है। बदमाश की पहचान होते ही पुलिस ने साइबर टीम की मदद से लोकेशन ट्रेस की गई और सिमरोल के ग्राम दातोद में पहुंचकर दबिश दी गई। जहां से सुरेश को गिरफ्तार किया गया और पूछताछ कर चोरी किए गए 4.60 लाख के आभूषण बरामद कर लिए। बताया जा रहा है कि नागदा से आभूषण चुराकर भागे बदमाश ने इंदौर सराफा क्षेत्र में एक व्यापारी को बेच दिये थे। पूछताछ में उसने व्यापारी मनीष पिता गट्टूलाल, निवासी कमाठीपुरा इंदौर की दुकान की जानकारी दी। जहां पहुंच कर पुलिस ने चोरी के आभूषण बरामद किये।

व्यापारी का कहना था कि उसे आभूषण चोरी के होने का पता नहीं था सुरेश ने रुपयों की जरूर होना बात कर आभूषण दिए थे। थाना प्रभारी ने बताया कि कोर्ट में पेश कर 3 दिन की रिमांड पर लिया है। उससे अन्य वारदातों का सुराग मिल सकता है।

## गैरेज संचालक रिमांड पर, ड्रग्स बनाने का मिला था केमिकल

- 8.50 लाख नकद, खरीद-फरोख्त के दस्तावेज और कार भी जब्त की

**उज्जैन।** मादक पदार्थ पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। चिमनगंज क्षेत्र के एक गैरेज में सिंथेटिक ड्रग्स बनाने का काम किया जा रहा था। दबिश देकर पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए 75 किलो ब्रोनोपोल पावडर बरामद किया है। वहीं 8.50 लाख रुपए नगद, खरीद-में फरोख्त के दस्तावेज और एक कार भी जब्त की है।

चिमनगंज थाना पुलिस ने बताया कि सूचना मिली थी कि आगर रोड स्थित कृष्णा मोटर्स गैरेज में अवैध केमिकल ब्रोनोपोल और 2-ब्रोनो 4 मिथाइल प्रोपियोफेनोन छिपाकर रखा गया है। जिससे सिंथेटिक ड्रग्स एमडीए बनाने की योजना है। तत्काल पुलिस टीम ने गैरेज पर दबिश मारी और वहां से अर्पित उर्फ सौरभ गुप्ता निवासी तिरुपति एक्सटेंशन उज्जैन, रंजीत पिता करणसिंह निवासी गरोठ मंदसौर और ओमप्रकाश पिता घनश्याम शर्मा निवासी बड़ौद आगर मालवा को हिरासत में लिया। उनकी निशानदेही पर गैरेज से ही 75 किलो केमिकल पावडर, नकदी और दस्तावेज के साथ एक बलेनो कार भी जब्त की गई। टीआई गजेन्द्र पचोरिया ने बताया कि कार्रवाई में सायबर और क्राइम टीम भी शामिल थी। आरोपियों द्वारा गुजरात से प्रतिबंधित केमिकल मंगवाया गया था। फिलहाल गेराज संचालक अर्पित गुप्ता को न्यायालय में पेश कर 5 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है, उसके दो साथियों से मामले में फरार चौथे आरोपी के संबंध में जानकारी जुटा जा रही है जल्दी उसे भी गिरफ्तार किया जाएगा।

## युवक- युवती परिचय सम्मेलन आज

**उज्जैन।** अभा क्षत्रिय महासभा और राजपूत सोशल ग्रुप के माध्यम से राजपूत समाज का युवक युवती परिचय सम्मेलन आज सुबह शर्मा परिसर उज्जैन मे संपन्न होगा।

सम्मेलन मे प्रमुख अतिथि उषा ठाकुर विधायक महू, भंवर सिंह शेखावत विधायक बदनावर, दिलीप सिंह परिहार विधायक नीमच, तेजबहादुर सिंह चौहान, देवेंद्र सिंह भदौरिया, सुरेश सिंह भदौरिया, शुलभ शांतु गुरू, जोगेंद्र सिंह भदौरिया, ब्रिजपाल सिंह तोमर प्रदेश अध्यक्ष क्षत्रिय महासभा और अध्यक्षता रमन सिंह सिकरवार सेवानिवृत पुलिस महानिरीक्षक करेंगे, जानकारी कार्यक्रम संयोजक किशोर सिंह भदौरिया और नरेश सिंह भदौरिया ने देते हुये बताया कि प्रमुख कार्यक्रम विवाह योग्य लड़के, लड़कियों का मंच से परिचय और अभिभावकों का शादी के लिये चर्चा होगा। सम्पूर्ण जीवन समर्पित करने वाले सेना के 31 सैनिकों का सम्मान किया जायेगा।

#### 700 से अधिक प्रविष्टियां प्राप्त हो चुकी

इस अवसर पर समाज मे निरन्तर अपना सहयोग, देने वाले दम्पतियो 25 जोड़ो का, साड़ी, मूमेंटो, अंग वस्त्र और पुष्पमाला से स्वागत किया जायेगा, कार्यक्रम मे निकलने वाली वैवाहिक पत्रिका वैवाहिका में विवाह योग्य लड़के, लड़कियों की 700 से अधिक प्रविष्टि प्राप्त हो चुकी है कार्यक्रम पूर्णता नि:शुल्क है।

## ट्रैक्टर-ट्रॉली को टक्कर मारने वाली मिनी बस में ग्रामीणों ने लगाई आग

- तुलाहेड़ा टोल के पास हुई दुर्घटना में एक की मौत, तीन घायल

**उज्जैन/घट्टिया।** आगररोड पर शुक्रवार शनिवार रात तुलाहेड़ा टोल से पहले गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली और ट्रैवलर में भिड़ंत हो गई। ट्रैक्टर ट्राली के नीचे चालक दब गया। दुर्घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने ट्रैवलर में आग लगा दी और टोल पर चक्काजाम कर दिया। दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक की मौत हुई है उसका साथी और ट्रैवलर चालक के साथ एक महिला और पुरुष को भी चोट लगी है।

घट्टिया थाना क्षेत्र के ग्राम तुलाहेड़ा में गेहूं से भरी ट्रैक्टर ट्राली को पीछे से आ रही ट्रैवलर ने टक्कर मार दी थी। दुर्घटना में ट्रैक्टर ट्राली सड़क मार्ग से उतरकर पलटी खा गई। चालक नीचे दब गया और पीछे ट्राली में बैठा युवक घायल हो गया। ट्रेवलर चालक और उसमें सवार एक पुरुष और महिला सहित दो बच्चों को चोट आई। दुर्घटना की जानकारी लगते ही ग्रामीण एकत्रित हो गए ट्रैक्टर चालक को नीचे दबा देख उनका गुस्सा फूट पड़ा। उन्होंने ट्रैवलर में आग लगा दी। मामले की जानकारी लगते ही, घटिया, राघवी और पानबिहार पुलिस मौके पर पहुंच गई। फायर ब्रिगेड ने पहुंच कर जल रही ट्रैवलर की आग बुझाई वहीं पुलिस ने घायलों को अस्पताल पहुंचाया। जानकारी जुटाना पर सामने आया कि ट्रैवलर दिल्ली से उज्जैन आ रही थी जिसमें 22 लोग सवार थे वह महाकाल दर्शन के लिए निकले थे। ट्रैक्टर ट्राली ब्राह्मण खेड़ा की थी जो उज्जैन अनाज मंडी आ रही थी। ट्रैक्टर विजय सोलंकी चला रहा था, जिसकी



दुर्घटना में ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौत हुई है। उसका साथी राजेश शर्मा घायल हुआ है। ट्रैवलर चालक शिवकुमार पंजाब का रहने वाला है जिसे दुर्घटना में चोट लगी है। वहीं सवार यात्रियों में धर्मेंद्र और बॉबी नामक महिला को भी चोंट लगी है, दो बच्चे भी मामूली रूप से घायल हुए हैं। मृतक और सभी घायलों को उज्जैन चरक अस्पताल लाया गया, ट्रैवलर चालक का उपचार चरक अस्पताल में ही चल रहा है वही दो अन्य घायल यात्रियों को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

#### आगजनी के बाद टोल पर चक्काजाम

ट्रैक्टर ट्राली और ट्रैवलर में हुई दुर्घटना के बाद ग्रामीणों ने ट्रैवलर में आग लगा दी थी। वहीं कुछ देर बाद उन्होंने तुलाहेड़ा टोल पर चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि टोल की क्रेन काफी देर से मौके पर पहुंची जिसके चलते चालक की दबे रहने से मौत हुई है। क्रेन के आने पर उसमें पट्टा नहीं था, ट्रैक्टर उठाने के लिए पट्टा मंगाया तो वह भी टूट गया। जहां चालक की मौत हुई है वहीं ट्रैक्टर ट्राली में भरा गेहूं भी बिखरने से खराब हो गया। पुलिस ने मामले में जांच का आश्वासन देकर चक्काजाम समाप्त कराया।

## भाजपा स्थापना दिवस को लेकर नगर की कामकाजी बैठक




**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी के स्थापना दिवस आयोजन को लेकर शनिवार को भाजपा कार्यालय लोकशक्ति भवन पर कामकाजी बैठक का आयोजन किया। जिसमें 6 अप्रैल स्थापना दिवस पर होने वाले कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की।

जिला कामकाजी बैठक में अतिथियों ने सर्वप्रथम भारत माता व डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी व पं. दीनदयाल उपाध्याय की मूर्ति पर माल्यार्पण किया। मीडिया प्रभारी दिनेश जाटवा के अनुसार बैठक को भाजपा नगर अध्यक्ष संजय अग्रवाल ने संबोधित किया। इस अवसर पर विधायक अनिल जैन कालूहेड़ा ने कहा कि हमें गर्व होना चाहिए। इस अवसर पर निगम सभापति कलावती यादव ने नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता व युवा मोर्चा पदाधिकारियों को बधाई प्रेषित करते हुए कहा कि हमे पार्टी का स्थापना दिवस त्यौहार के रूप में मनाना है। इस अवसर पर संजय अग्रवाल, अनिल जैन कालूहेड़ा, कलावती यादव, महिला मोर्चा प्रदेश मंत्री प्रमिला यादव, प्रदेश महामंत्री जगदीश पांचाल, आनन्दसिंह खींची, कमल बैरवा, कल्याण शिवहरे, मुकेश यादव, जितेन्द्र कृपलानी, अशोक केथवास, शेलू शर्मा, दिनेश जाटवा, विजय दीक्षित, अनिल शिंदे सहित कार्यकर्ता पदाधिकारी उपस्थित थे।

#### नवनियुक्त प्रदेश पदाधिकारियों का स्वागत

भाजपा कार्यालय पर आयोजित बैठक के पश्चात नवनियुक्त प्रदेश प्रवक्ता डॉ. सनवर पटेल, रूप पमनानी, राजेंद्र भारती, विवेक गुप्ता, गुलरेज शेख व प्रदेश सह मीडिया प्रभारी राकेश पंड्या, युवा मोर्चा प्रदेश उपाध्यक्ष अनिल वर्मा, मंत्री कार्तिक मिश्रा का अतिथियों व कार्यकर्ताओं द्वारा स्वागत किया गया।

## मायापति हनुमान मंदिर में भजनों पर झूमे लोग

- 6 दिवसीय जन्म महोत्सव की पूर्णाहुति, गंगा पूजन के साथ हुई

**उज्जैन।** सामाजिक न्याय परिसर स्थित चरक भवन के सामने श्री मायापति हनुमान मंदिर में 6 दिवसीय श्री हनुमान जन्म महोत्सव हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। महोत्सव के अंतर्गत श्री राम कथा और सुंदरकांड व्याख्यान माला का आयोजन किया गया। जिसमें गिरीश गोविंद शर्मा के मुखारविंद से श्रद्धालुओं ने कथा का श्रवण किया। इस पावन अवसर पर तुलादान, सामूहिक श्री गंगा माता पूजन और महाआरती भी संपन्न हुई।

मंदिर के पुजारी गणेश राय ने बताया कि महोत्सव के दौरान आयोजित भजन संध्या में गायक श्रीनाथ चौधरी ने अपने सुमधुर भजनों की प्रस्तुति देकर श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। समापन पर विशाल भंडारा हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर प्रसादी ग्रहण की। इस आयोजन को सफल बनाने में शहर की विभिन्न संस्थाओं के साथ ही विधायक अनिल जैन कालूखेड़ा, महेश परमार, रवि राय, मुकेश भाटी, विनोद लाल, सुरेंद्र यादव, हर्षवर्धन कुशवाह एवं राजपाल भैया का विशेष सहयोग रहा। साथ ही मंदिर परिवार के अशोक चौधरी, रमेश चंद राय, शरद दुबे, सुजीत चौधरी, अर्जुन रामी और भगवान पाटिल सहित अन्य भक्तों का भी सराहनीय योगदान रहा।

**महाकाल मंदिर में दान..** मंदिर की सुरक्षा में काम आएगा, जन्मोत्सव पर समिति को सौंपा

## रामनाथ महाराज ने महाकाल में 1 लाख 60 हजार का ड्रोन कैमरा किया भेंट

**उज्जैन।** भर्तृहरि गुफा के पीठाधीश्वर योगी पीर महंत रामनाथ महाराज ने ज्योतिर्लिंग महाकालेश्वर मंदिर में शनिवार को एक डोम कैमरा भेंट किया। ब्रांडेड कंपनी के इस ड्रोन कैमरे की कीमत करीब 1 लाख 60 हजार रुपए है। रामनाथ महाराज ने बताया कि उन्होंने अपने जन्मोत्सव के अवसर पर मंदिर प्रबंध समिति को यह ड्रोन कैमरा भेंट किया है जो मंदिर की सुरक्षा व्यवस्था में काम आएगा।

समिति के लोगों ने महाराज जी से आशीर्वाद लेने के साथ ही उक्त ड्रोन कैमरा प्राप्त किया। उज्जैन के भैरवगढ़ रोड पर स्थित मां बगलामुखी धाम मंदिर का स्थापना दिवस दो दिन तक भर्तृहरि गुफा के गादीपति योगी पीर महंत रामनाथ महाराज के सानिध्य में धार्मिक कार्यक्रमों के साथ धूमधाम से मनाया गया। पहले दिन खाटू श्याम की संगीतमय भजन संध्या ने समा बांधा तो दूसरे दिन सुबह से 101 बटुक ब्राह्मणों ने मां बगलामुखी सहित सभी 10 महाविद्याओं का अभिषेक, पूजन, श्रृंगार व आरती की। मंडली ने सुंदरकांड पाठ किया। अखाड़ों, आश्रमों के संत-महंत, महामंडलेश्वरों एवं बटुक ब्राह्मणों का भोज संपन्न हुआ। देशभर से उमड़े भक्तों ने योगी पीर महंत रामनाथ महाराज का ढोल-धमाकों से स्वागत व आतिशबाजी कर जन्मोत्सव मनाया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव व योगी ने शुभकामना संदेश के पत्र भेजें। समारोह में नारायण यादव व परिवार के बबलू यादव, अभय यादव भी मौजूद रहे। मंच से ऋणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत महावीर नाथ महाराज, भाजपा नेता रवि सोलंकी ने कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम के दौरान आयोजित भंडारा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की ओर से रखा गया।



#### अभिनेत्री कावेरी प्रियम ने किए महाकाल दर्शन

महाकाल मंदिर में अभिनेता और नेताओं का आगमन प्रतिदिन हो रहा है। यहां पर आने के बाद वे अन्य मंदिर में भी अनुष्ठान करवा रहे है। इसके साथ ही महाकाल मंदिर में दान भी दिया जा रहा है। इसी क्रम में टीवी और फिल्म अभिनेत्री कावेरी प्रियम शनिवार तड़के महाकाल की भस्मारती में शामिल हुई। उन्होंने नंदी हाल में बैठकर आरती देखी। इसके बाद गर्भगृह के बाहर से दर्शन किए।

## जिपं सीईओ पहुंचे पढ़ाने

**उज्जैन।** भविष्य से भेंट कार्यक्रम में जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रेयांस कुमट द्वारा स्थानीय शासकीय नूतन कन्या उमावि इंद्रानगर में कक्षा 8 से 12 तक के विद्यार्थियों से विद्यार्थी जीवन में सफलता के तीन सूत्र व्यक्त किए। पाठ्यक्रम दिसंबर तक पूर्ण करना, चैलेंजेस लेना और सीखने की ललक होना। तरंगों की अप्स एंड डाउन्स को इंटरैक्टिव पैनल पर समझते हुए उन्होंने जीवन के उतार एवं चढ़ाव से कैसे तालमेल बनाते हुए जीवन में खुश रहा जा सकता है विषय पर चर्चा की। विद्यार्थी अभिभूत होकर व्याख्यान में संलग्न रहे। इस अवसर पर सीईओ कुमट द्वारा विद्यालय को नैतिक शिक्षा की पुस्तकें भेंट की। इस अवसर पर 152 विद्यार्थी एवं शाला का संपूर्ण स्टाफ उपस्थित रहा।


### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, सीमा कुशवाह, पत्नी आर्मी नं. 15570223K, पद HAV मंगल सिंह कुशवाह, निवासी 227, विद्या नगर, अमलावदिया रोड, नागदा, जिला उज्जैन (मप्र), यह घोषित करती हूं कि मेरा नाम आर्मी अभिलेखों में गलती से सीमा दर्ज हो गया है। मेरा सही नाम सीमा कुशवाह है तथा भविष्य में मैं सभी कार्यों एवं अभिलेखों में सीमा कुशवाह नाम से जानी जाऊंगी।

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं, मंगल सिंह कुशवाह (आर्मी नं. 15570223K), निवासी 227, विद्या नगर, अमलावदिया रोड, नागदा, जिला उज्जैन (मप्र), यह घोषित करता हूं कि मेरे पुत्र का नाम आर्मी अभिलेखों में गलत रूप से रुद्र प्रताप सिंह दर्ज है। उसका सही नाम रुद्र प्रताप सिंह कुशवाह है और भविष्य में सभी कार्यों हेतु यही नाम मान्य होगा।


## कलेक्टर ने छात्रों को दिया मार्गदर्शन

**उज्जैन।** कलेक्टर रौशन कुमार सिंह ने शनिवार को शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय ढांचा भवन में भविष्य से भेंट कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों से संवाद किया और उन्हें भविष्य का मार्गदर्शन प्रदान किया। कलेक्टर सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का भी इस दौरान समाधान किया और उन्हें भविष्य में परीक्षाओं की तैयारी और अपने करियर के बारे में योजना बनाने के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया।